## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी करने वालो के विरुद्ध बम्हनी पुलिस की कार्यवाही

**मण्डला।** गांव बीजेगांव निवासी रामसिंह परते और उसकी पत्नि तारा बाई द्वारा ग्रामवासियो को सस्ते दाम पर माल दिलाने के नाम से सीमा पति मोनू शिवराम निवासी बीजेगांव को एवं ग्राम के अन्य लोगो को अलग-अलग प्रकार का प्रलोभन जैसे नौकरी, खाद, बीज, व्यापार एवं लोन दिलाने के नाम पर लालच देकर बीजेगांव निवासी रामसिंह व उसकी पत्नि ताराबाई परते के द्वारा छलपूर्वक कुल 08 लाख 47 हजार रुपये गाँव की महिलाओं से लिये गये है। जिन्हें ना ही समान, बीज, खाद, एवं नौकरी दिलवाई गई और ना ही पैसे वापस किये गये। ग्रामीणो की शिकायत पर थाना प्रभारी निरीक्षक वर्षा पटेल थाना बम्हनी बंजर द्वारा संज्ञान में लेते हुये आरोपीगण रामसिंह एवं तारा बाई दोनो निवासी बीजेगांव के विरुद्ध थाना बम्हनी बंजर में अपराध धारा 420, 34 भारतीय दण्ड संहिता का कायम कर आरोपीगणो को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में निरी. वर्षा पटेल थाना प्रभारी बम्हनी, महिला उप निरी खुशबु बिसेन, प्र.आर. 10 सचिन यादव, आर तेवेन्द्र कुमरे आर. कुनाल, की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### दस्तक अभियान में लापरवाही पर 4 कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस

**मण्डला।** भ्रमण के दौरान कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने आंगनवाड़ी केन्द्र सड़कटोला पुरवा, उप स्वास्थ्य केन्द्र पदमी तथा उप स्वास्थ्य केन्द्र मधुपुरी का निरीक्षण किया। दस्तक अभियान की पोर्टल पर एंट्री कम होने तथा सर्वेक्षित बच्चों के चिन्हांकन में लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर ने संबंधित मेडीकल ऑफिसर, सीएचओ, एमपीडब्ल्यू तथा एएनएम को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक घरों का सर्वे करें तथा बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करते हुए उनके टीकाकरण एवं उपचार आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। इस दौरान कलेक्टर ने केन्द्रों में उपलब्ध महिलाओं से भी चर्चा करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। भ्रमण के दौरान कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने एकीकृत कन्या हाईस्कूल पुरवा के परिसर में वृक्षारोपण करते हुए स्थानीय लोगों से भी 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में सहभागिता करते हुए कम से कम एक पौधा रोपित करने की अपील की। कलेक्टर ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा लगाए तथा उसके देखभाल की जिम्मेदारी स्वीकार करें। इस दौरान प्रभारी सहायक आयुक्त जनजाति कार्यविभाग क्षमा सराफ, जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी वरकड़े, क्षेत्र संयोजक रंजीत गुप्ता, एपीसी शेषमणी गौतम सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## एक ही निर्माण के लिये निकली दो-दो बार राशि

# जनपद मण्डला का एक और फर्जीवाड़ा

*** नाम बदलकर कर रहे अधिकारी खेल।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

पंचायती राज व्यवस्था में अक्सर सरपंच एवं सचिवों पर अनियमितता एवं निर्माण कार्यो में फर्जीवाड़े के आरोप लगते रहे हैं लेकिन गंभीरता से देखा जाये तो यदि अधिकारी ईमानदारी से काम करें या अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहें तो इस तरह की अनियमिततायें कर पाना पंचायत प्रतिनिधियों एवं पंचायत कर्मियों के लिये आसान नहीं है। कहने का आशय यह है कि भ्रष्टाचार में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार अधिकारियों की विशेष भूमिका होती है जिन पर शायद ही कभी कार्यवाही होती हो। कार्यवाही के नाम पर सरपंच-सचिवों को तो निशाना बनाया जाता है लेकिन इन अधिकारियों को खुला छोड़ा जा रहा है। इसी तरह का एक खेल फिर से प्रकाश में आया है जब एक खेल मैदान का निर्माण कार्य 2020 में पूर्ण कर लिया जाता है और फिर 2024 में पुनः उसी निर्माण कार्य को थोड़ा नाम बदलकर स्वीकृत कर दिया जाता है और फिर दिखावे के लिये थोड़ा बहुत काम कर लाखों रूपये निकाल लिये जाते हैं।






### क्या है मामाला

जनपद पंचायत मण्डला की ग्राम पंचायत ढेको में मनरेगा अंतर्गत खेल मैदान निर्माण कार्य में फर्जीवाड़े की जानकारी सामने आई जिसकी शिकायत जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को की गई शिकायत स्थानीय ग्रामवासियों एवं राजनैतिक क्षेत्र के पदाधिकारियों द्वारा की गई। खबर लिखे जाने तक किसी तरह की कोई कार्यवाही या जांच की जानकारी नहीं है। इस संबंध में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से फोन पर सम्पर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन बार-बार प्रयास के बावजूद या तो उन्होंने फोन नहीं उठाया एक बार फोन उठा तो बात नहीं हुई और फिर अगली बार उन्होंने फोन काट दिया।

इस पूरे मामले में स्थानीय जनपद सदस्य एवं जनपद उपाध्यक्ष संदीप सिंगौर से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि वर्ष 2016-17 में इस कार्य को मैदान समतलीकरण के नाम से स्वीकृत कराया गया था और वह काम वर्ष 2020-21 में पूर्ण हुआ इसके बाद इस कार्य को मैदान विस्तारीकरण के नाम से स्वीकृत किया गया है और अब इस स्थल पर विस्तारीकरण का कार्य कराया जा रहा है जो कि कहीं से भी नियम विरूद्ध नहीं है और यह सब कुछ स्थानीय लोगों की सहमति से हो रहा है।

### तकनीकि अधिकारी कितने जिम्मेदार

वर्ष 2016-17 में ग्राम पंचायत ढेकों में खेल मैदान की तकनीकि स्वीकृति वर्ककोड 1735004065/एलडी/220112034262145 ढेकों मैदान समतलीकरण नाला के पास के नाम से स्वीकृत किया गया जिसकी स्वीकृत राशि 3 लाख 53 हजार रूपये है यह कार्य वर्ष 2017 में प्रारंभ हुआ और वर्ष 2020-21 में इस कार्य के लिये पूर्ण प्रमाण पत्र जारी किया गया।

अब पुनः वर्ष 2023-24 में इसी कार्य को खेल मैदान निर्माण कार्य और विस्तारीकरण बंधान के पास से स्वीकृत किया गया जिसका स्वीकृत नम्बर 1735004/2023-24/10799/टीएस जिसका वर्ककोड 1735004065/एलडी/22012034599787 और यह कार्य मार्च 2024 को प्रारंभ किया गया और इस कार्य के लिये मुकेश ट्रेडर्स के नाम से लाखों का भुगतान भी किया गया है पहले यह कार्य खेल मैदान समतलीकरण नाला के पास स्वीकृत किया गया था जिसकी स्वीकृत राशि 3 लाख 53 हजार रूपये थी जबकि अब इसी कार्य को विस्तारीकरण के नाम से स्वीकृत किया गया है और इसकी स्वीकृत राशि 9 लाख 99 हजार रूपये है।

जिन तकनीकि अधिकारियों ने इन निर्माण कार्यो की तकनीकि स्वीकृति प्रदान की है या तो उन्होंने रिकॉर्ड को देखा नहीं या फिर जानबूझकर इस फर्जीवाड़े को आमलीजामा पहनाया। तकनीकि जानकार बताते हैं यदि किसी काम को पहले कराया गया है तो फिर उसका विस्तार यदि कराना आवश्यक है तो उसके लिये पहले कराये गये निर्माण कार्य की लगभग 25 फीसदी राशि ही स्वीकृत की जाती है यदि यह नियम सही है तो फिर यहां तो इसका उलट ही हुआ है पहले यह कार्य 3 लाख 53 हजार रूपये का था और अब विस्तारीकरण स्वीकृत किया गया है तो स्वीकृत राशि बढ़कर लगभग 3 गुनी हो गई है यानि अब यह स्वीकृत राशि 9 लाख 99 हजार रूपये की है तो इस संबंध में जहां अनुविभागीय अधिकारी जबावदेह हैं वहीं मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी की भी पूरी जबावदारी बनती है। ज्ञात हो कि मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ही होते हैं जिन्होंने इस संबंध में फिलहाल अपनी कोई बात नहीं कही है कारण कि उनसे बार-बार प्रयास के बावजूद सम्पर्क नहीं हो सका यदि यह कार्य जैसा कि प्रथम दृष्टया नजर आ रहा है नियम विरूद्ध हो रहा है तो इसके लिये कार्यक्रम अधिकारी एवं तकनीकि अधिकारी दोनों ही जिम्मेदार हैं और यदि नियमतः हो रहा है तो फिर शिकायत करने वाले स्थानीय लोगों को इस संबंध में ज्ञात कराना चाहिये कि इसमें किसी तरह की कहीं कोई गड़बड़ी नहीं है। दोनों पक्ष इस निर्माण कार्य के लिये स्थानीय ग्रामवासियों की सहमति होने की बात कह रहे हैं लेकिन ग्रामवासी यदि निर्माण कार्य को लेकर सहमत होते तो शिकवा-शिकायत क्यों होती। विस्तारीकरण के नाम पर पास ही की मिट्टी खोदकर मैदान में डाली जा रही है और लाखों रूपये निकाले गये।

कार्य-सहित : DHENKO KHEL MAIDAN NIRMAN OR VISTARIKARAN-BANDHA KE PASS(1735004065/LD/22012034599787)

| | | | |
|---|---|---|---|
| बिल क्रमांक : 122 | बिल राशि : 99686.4 | बिल की तारीख : 05/04/2024 | Date of Payment : |
| विक्रेता का नाम : MUKESH TRADERS | | | वित्तीय साल : 2024-2025 |
| सामग्री | ईकाई मुल्य (रूपये में) | संख्या | राशि (रूपये में) |
| MR6052-Hard moorum | 311.52 | 320 | 99686.4 |
| बिल क्रमांक : 123 | बिल राशि : 98128.8 | बिल की तारीख : 05/04/2024 | Date of Payment : |
| विक्रेता का नाम : MUKESH TRADERS | | | वित्तीय साल : 2024-2025 |
| सामग्री | ईकाई मुल्य (रूपये में) | संख्या | राशि (रूपये में) |
| MR6052-Hard moorum | 311.52 | 315 | 98128.8 |
| बिल क्रमांक : 124 | बिल राशि : 98128.8 | बिल की तारीख : 05/04/2024 | Date of Payment : |
| विक्रेता का नाम : MUKESH TRADERS | | | वित्तीय साल : 2024-2025 |
| सामग्री | ईकाई मुल्य (रूपये में) | संख्या | राशि (रूपये में) |
| MR6052-Hard moorum | 311.52 | 315 | 98128.8 |
| बिल क्रमांक : 125 | बिल राशि : 52646.88 | बिल की तारीख : 05/04/2024 | Date of Payment : |
| विक्रेता का नाम : MUKESH TRADERS | | | वित्तीय साल : 2024-2025 |
| सामग्री | ईकाई मुल्य (रूपये में) | संख्या | राशि (रूपये में) |
| MR6052-Hard moorum | 311.52 | 169 | 52646.88 |
| | | कुल नकद भुगतान (रूपये में) | [illegible] |
| | | Grand Total (रूपये में) | [illegible] |

अप्रैल 2024 में हुआ लाखों का भुगतान

कार्य-सहित : DHENKO MAIDAN SAMTALIKARAN NALA KE PASS(1735004065/LD/22012034262145)

| | | | |
|---|---|---|---|
| बिल क्रमांक : 01 | बिल राशि : 47430 | बिल की तारीख : 25/04/2020 | Date Payment : 19/09/202 |
| विक्रेता का नाम : SANDEEP SINGOUR | | | वित्तीय साल : 2020-202 |
| सामग्री | ईकाई मुल्य (रूपये में) | संख्या | राशि (रूपये में) |
| Moorum | 2.7 | 500 | 135 |
| बिल क्रमांक : 01 | बिल राशि : 47430 | बिल की तारीख : 25/04/2020 | Date Payment : 19/09/202 |
| विक्रेता का नाम : SANDEEP SINGOUR | | | वित्तीय साल : 2020-202 |
| सामग्री | ईकाई मुल्य (रूपये में) | संख्या | राशि (रूपये में) |
| Transportation of soft moorum | 92.16 | 500 | 4608 |

अप्रैल 2020 में हुआ लाखों का भुगतान

### विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर का समापन



**मण्डला।** विद्युत उपभोक्ताओं के शिकायतों के निराकरण के लिए 2 जुलाई को विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 66 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इस संबंध में अधीक्षण अभियंता संचा, संधा वृत म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. मंडला ने बताया कि प्रधानमंत्री भारत शासन द्वारा संचालित पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एवं सोलर रूफटॉप कनेक्शनों के सम्बन्ध में म.प्र. शासन ऊर्जा विभाग एवं म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. जबलपुर के निर्देशानुसार मण्डला वृत्त कार्यालय मण्डला में मंगलवार को प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 97 आवेदन प्राप्त हुए। 66 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया तथा शेष 31 आवेदनों के निराकरण के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई। शिविर में अधीक्षण अभियन्ता अयूब खान वृत्त मण्डला ने सोलर रूफटॉप कनेक्शन के विषय में विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया एवं इससे प्राप्त होने वाले लाभ की जानकारी दी।

### वन महोत्सव का आगाज

**मण्डला।** 01 जुलाई वन महोत्सव के अवसर पर 'एक पौधा माँ के नाम' अभियान के तहत ईको सेंटर कान्हा मोचा में सेंसेटिव जोन की बैठक के उपरांत संभाग आयुक्त जबलपुर अभय वर्मा के द्वारा वृक्षारोपण कर वन महोत्सव का आगाज किया गया। इस अवसर पर फील्ड डायरेक्टर कान्हा एसके सिंह के द्वारा भी पौधारोपण किया गया।

## जुआ फड़ पर दबिश, वाहन सहित 5 लाख जप्त






हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला

आज दिनांक 02 जुलाई को थाना प्रभारी बिछिया एवं स्टाफ द्वारा अवैध रूप से जुआ खेलने की सूचना प्राप्त होने पर मुनिया राय के घर के पास ग्राम सिझोरा में जुआ रेड कार्यवाही की गई जिसमें आदेश राय निवासी घुटास ,उमेश राय उर्फ मुनिया राय निवासी सिझोरा ,अजय राय निवासी सिझोरा, भवानी विश्वकर्मा निवासी भुआ बिछिया, विकास धार्यी निवासी सिझोरा एवं गुरु दयाल गौतम निवासी पांडूताला थाना गढ़ी जिला बालाघाट के कब्जे से एवं घटना स्थल से नगद राशि 10250 रुपए दो फोर व्हीलर वाहन कीमती करीब पांच लाख रुपए कुल म श रू का 510250 रुपए का जप्त किया जाकर सभी आरोपियों के विरूद्ध 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबंद कर विवेचना में लिया गया है।

## भाजपा युवा मोर्चा ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



देश की सर्वोच्च संस्था लोकसभा में राहुल गांधी ने अपने भाषण देश के हिन्दू समाज को हिंसक कहा। इस वक्तव्य से समूचा हिंदू समाज ने इसकी भर्त्सना की है। भारतीय जनता पार्टी ने राहुल गांधी के इस कृत्य का भारी विरोध किया है, इसी क्रम में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा विरोध स्वरूप नेहरू स्मारक तिराहे जिलाध्यक्ष आशीष झारिया के नेतृत्व में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओ द्वारा राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया इस मौके पर जिला अध्यक्ष आशीष ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी कांग्रेस पार्टी व समूचे इंडिया गठबंधन का हिंदू विरोधी असली चेहरा देश के सामने आ गया कांग्रेस हिन्दू विरोधी है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष द्वय अनुराग चौरसिया, सूर्यकान्त जघेला, महामंत्री रानू राजपूत, उपाध्यक्ष अजीत सिहानी, मंत्री मोहन देव शा, सर्वज्ञ सोनी, नगर अध्यक्ष अंकित ज्योतिषी, शनिल ताम्रकार, लकी श्रीवास, कपिल सचान, शानू दुबे, विशाल कछवाहा सहित सेंकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## निरीक्षण | सर्वे एवं नामांकन में लापरवाही: प्रभारी प्राचार्य सहित 5 को कारण बताओ नोटिस।

# कलेक्टर ने किया स्कूल, आंगनवाड़ी का निरीक्षण

*** सायकल, गणवेश वितरण को लेकर ली जानकारी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला





कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने मंगलवार को मंडला विकासखंड के स्कूल, आंगनवाड़ी केन्द्र तथा स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण करते हुए संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। स्कूलों के निरीक्षण के दौरान सर्वे एवं नामांकन में लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर ने एकीकृत कन्या हाईस्कूल पुरवा के प्राचार्य एवं अनुपस्थित पाए गए 3 शिक्षकों तथा नवीन माध्यमिक शाला खड़देवरा के प्रधान अध्यापक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

### प्रत्येक घर में लिखें सर्वे की जानकारी

एकीकृत कन्या हाईस्कूल पुरवा, नवीन माध्यमिक शाला खड़देवरा तथा हायरसेकेंडरी स्कूल मधुपुरी के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि प्रत्येक घर, प्रत्येक बच्चे तक पहुंच करते हुए लक्ष्य के अनुरूप शतप्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें। कोई भी बच्चा प्रवेश से वंचित नहीं रहना चाहिए। घर-घर सर्वे करते हुए प्रत्येक घर की दीवार पर सर्वे की जानकारी अंकित करें जिसमें सर्वेक्षित घर में शाला जाने योग्य बच्चों तथा शाला में दर्ज बच्चों की जानकारी का स्पष्ट उल्लेख हो। उन्होंने मैपिंग के कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### 15 जुलाई के पहले पूर्ण करें पुस्तक वितरण

स्कूलों के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी शालाओं में शैक्षिक वातावरण तैयार करें। सहायक शैक्षिक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करें। विद्यालय स्तर पर नवाचार करें। आवश्यकतानुसार भवन की मरम्मत कराएं। 15 जुलाई के पहले पुस्तकों के वितरण की कार्यवाही पूर्ण करें। उन्होंने साईकिल, गणवेश तथा छात्रवृत्ति वितरण के संबंध में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता तथा मेन्यू का सख्ती से पालन करें।

### भविष्य के निर्धारण में सहयोगी बनें

हायरसेकेंडरी स्कूल मधुपुरी के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने विद्यार्थियों से आत्मीय चर्चा करते हुए उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों से आव्हान किया कि वे निर्धारित पाठ्यक्रम के साथ-साथ कैरियर काउंसलिंग के सत्र भी आयोजित करें। विद्यार्थियों को भविष्य के निर्धारण के संबंध में आवश्यक सहयोग तथा मार्गदर्शन प्रदान करें। उन्हें जेईई, नीट सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रक्रिया से अवगत कराएं। कलेक्टर ने विद्यालय के पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों से संबंधित पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### नवीन जन्म-मृत्यु पोर्टल का प्रशिक्षण 4 जुलाई को होगा

**मण्डला।** जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं जिला योजना अधिकारी ने बताया कि नवीन जन्म-मृत्यु पोर्टल (त्मअंउचमक ब्ै चवतजंसद्ध का प्रशिक्षण 4 जुलाई 2024 को योजना भवन सभाकक्ष मण्डला में दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक रखा गया है। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगरपालिका, नगर पंचायत, जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जनपद पंचायतों के रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर उपस्थित रहेंगे।

## चिकित्सक टीम की वजह से एक महिला को मिला नया जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मण्डला



कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना के प्रयास और जिला चिकित्सालय में आईसीयू वार्ड तथा आधुनिक मशीनों की उपलब्धता होने से जिलेवासियों को मण्डला चिकित्सालय में ही सुविधा मिलने लगी है। जिला अस्पताल में चिकित्सक टीम की वजह से एक महिला को नया जीवन मिला।

जानकारी के मुताबिक मोहगांव निवासी क्रांति सिरसाम पति राजकुमार उम्र 20 वर्षीय को सांप के काटने के बाद घरवाले महिला को जिला अस्पताल लेकर आए थे। 30 जून 2024 मरीज को आईसीयू में भर्ती कर डॉ. मनोज मुराली तथा डॉ. मोहसिन मंसूरी एम.डी. मेडिसिन के द्वारा तत्काल ही उसका उपचार शुरू कर दिया जिससे उसकी जान बच गई। निश्चेतना विशेषज्ञ प्रवीण उइके ने बताया कि मरीज को कृत्रिम साँस की नली डालकर मरीज को नवीन आईसीयू में वेन्टीलेटर सपोर्ट पर रखा गया तथा आज को मरीज को सफलतापूर्वक वेन्टीलेटर से बाहर किया गया। इस प्रकार जिला चिकित्सालय के आईसीयू स्टॉफ तथा चिकित्सकों के अथक प्रयास से सर्पदंश से पीड़ित महिला की जान बचाई गई। वेंटिलेटर की सुविधा होने से मरीजों की जान बचाई। सर्पदंश होने पर तत्काल अस्पताल लेकर ही जाना चाहिए।

## खबर संक्षेप

### उल्लास नवभारत साक्षरता प्रशिक्षण का किया गया आयोजन



**चीचली।** स्थानीय जनपद शिक्षा केंद्र में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम संबंधित प्रशिक्षण बीते हुये दिवस आयोजित किया गया। बताया जाता है कि इस इस प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए विकास खंड स्त्रोत समन्वयक डी के पटैल द्वारा उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के संबंध में असाक्षरों के सर्वे, सामाजिक चेतना करने के संचालन इत्यादि संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश दिए गये। वही उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के विकासखंड समन्वयक लेखराम गौतम तथा साईखेड़ा के साक्षरता समन्वयक पवन राजोरिया द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत प्रशिक्षण प्रदान किया। वही उनके द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तावना, साक्षरता दर, कार्यक्रम का लक्ष्य, क्रियान्वयन, सामाजिक चेतना केंद्रों के संचालन, उनकी मॉनिटरिंग, पठन पाठन सामग्री का उपयोग, बुनियादी साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा तथा अन्य विभागों से प्राप्त होने वाले सहयोग पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप से बीएसी अरुण दुबे, सत्यम ताम्रकार, एमआईएस कोऑर्डिनेटर दीपक श्रीवास्तव, अभिषेक पाराशर, अजय नामदेव, संजय सोनी, हेमंत पटेल, हरिओम स्थापक, प्रमोद साहू सहित सभी संकुल प्राचार्य, जन शिक्षा केंद्रों के साक्षरता सहसमन्वयक, प्रत्येक जन शिक्षा केंद्र से दो दो नोडल प्रधान पाठकों ने अपने सहभागिता दी। यह प्रशिक्षण जिला परियोजना समन्वयक नरसिंहपुर के मार्गदर्शन तथा निर्देशन में संपन्न हुआ।

### नहीं मिल पाता है हितग्राहियों को लाभ

**सालीचौका।** राज्य और केन्द्र शासन ने प्रदेश के विकास हेतु कई कल्याण कार्ययोजनाएं जनता के हितार्थ बना दी है कि उनकों अमलीजामा पहनाना संदिग्ध हो चला है, योजनाओं का कितना क्रियान्वयन हुआ है और क्या उसमें कमी है, इसकी सूक्ष्मता से जांच जरूरी है? क्योंकि कागजी आंकड़ों मे योजनाओं को सफल बता दिया जाता है, इसके लिए जिम्मेदार होते है नौकरशाह और अफसरशाही वर्ग जो कि नेताओं को गुमराह कर योजनाओं को नीतियों को सफल क्रियान्वयन होना तो बता देते है, परंतु नतीजा शून्य ही होता है? जिस प्रकार से शासन द्वारा आम लोगों के हितों को ध्यान रखते हुये योजनाओं की झड़ी लगा दी परंतु योजनाओं की परिणति क्या हुई होगी, इसका अंदाजा पूर्व से लेकर अब तक ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधि बने बैठे पार्टी के हम दर्दियों द्वारा ही प्रदेश के मुखिया की योजनाओं को किस प्रकार से क्रियान्वयन किया जा रहा है जो मात्र कागजों में तो दिखाई दे रही है। इसकी सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चीचली व सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली अनेक पंचायतों में देखने मिली सकती है।

### बेरोजगारों को भ्रमित कर रही हैं कंपनियां

**सालीचौका।** इस समय देखा जा रहा है कि शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेरोजगार युवकों को ठगने का सिलसिला खुलेआम देखने मिल रहा है? जिसमें जिसमें देखा जा रहा है कि आये दिन नित्य नयी नयी कंपनियाँ ग्रामीण क्षेत्रों में अपने पैर पसार रही हैं और बेरोजगार युवकों को बहला फुसलाकर उन्हें रातो रात लखपति बनाने का सपना दिखाते हुये अपने जाल में फाँस रही हैं और ताज्जुब की बात तो यह है कि इन कंपनियों के ऐजेंट शहरों से लेकर गाँव गाँव तक घूमकर बेरोजगारों को सुनहरे सपने दिखाते हैं और उन्हें कुछ ही महीनों में लखपति बनने के आसमानी सपने दिखाकर उनसे एक मुश्त रकम लेकर उनको अपना एजेन्ट बना लेते हैं, इस तरह से क्षेत्र में अनेक कंपनियाँ अपना रोजगार फैलायें देखे जा रही है। जिसको लेकर लोगों का आरोप है कि इन तथा कथित कंपनियों के उत्पाद इतने महँगे हैं कि इन्हें खरीद ही नहीं सकते चूँकि जो भी व्यक्ति रकम जमा कर इन कंपनियों का एजेन्ट बन जाता है तो उसे दूसरा एजेन्ट बनाने का कार्य दिया जाता है और वह निकल जाता है।

तंत्र - मंत्र व भूत बाधा भगाने के नाम पर डरा धमकाकर लोगों से करते थे धोखाधड़ी

# तथाकथित तांत्रिक मांत्रिक को पुलिस ने किया गिरफ्तार





**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** अक्सर देखा जाता है कि कुछ लोगों द्वारा ग्रामीणों के बीच हुंचकर उन्हें तंत्र -मंत्र के माध्यम से उनकी सफलता या फिर भूत प्रेत जैसी बाधाओं भागने की बात कहते है तो ग्रामीणजन उनकी बातों में आने से नही चूकते है। इसी बात का फायदा अपराधिक प्रवृति के लोग ग्रामीणों को गुमराह कर पैसा ऐठने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार से गाडरवारा क्षेत्र में हुये एक कारनाम के आरोपियों को जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा मार्गदर्शन तथा निरीक्षक उमेश तिवारी के नेतृत्व में बनाइई गई टीम मे शामिल उप निरीक्षक वर्षा धाकड़, मनीषा लिल्हारे, अमित गोंटिया, ए एस आई राकेश दीक्षित, मोहन पावर, वरिष्ठ आरक्षक राजेश बागरी के आलवा प्रधान आरक्षक संजय डोगरे, आरक्षक कमलेश, बाल किशन रघुवंशी,अभिषेक सूर्यवंशी,सुजीत बागरी, ऐश्वर्य वेंकट, सोहेब खान, हरिशंकर, उत्तम उचाड़िया, मोहन चौरे, महिला आरक्षक कुमुद पाठक, शिवा ठाकुर द्वारा पकड़ने में सफलता हासिल करत हुये आरोपियों के पास से पांच लाख से अधिक की राशि सहित दो कार व लाखों के जेबर के आलवा भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा जप्त किये गये है। घटना के संबंध में जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा गाडरवारा पहुंचकर उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक उमेश तिवारी के आलवा पीड़ित पक्ष के लोगों की मौजूदगी में पत्रकारों का संपूर्ण घटनाक्रम का खुलासा करते हुये बताया कि प्रार्थी जन्डेल पिता दीन दयाल कौरव निवासी ग्राम भमका द्वारा पुलिस को सूचना देते हुये बताया कि उसके चचेरे भाई राजा कौरव के ऊपर मिट्टी गिर जाने से घायल हो गया था और वह ठीक नही हो रहा था। राजा को ठीक करने के लिये वह तांत्रिक गुरूजी डॉ. यशवंत प्रजापति के पास गये,जिन्होंने राजा पर भूत बाधा का प्रकोप होन की बात कहते हुये विशेष पूजा करने को कहा गया और पूजा ना होने पर एक सप्ताह में राजा कौरव की मृत्यु हो जाने की बात कही गई । मगर शुरूआती तौर से प्रार्थी ने तांत्रिक की बात को अनदेखा कर दिया था। मगर एक सप्ताह के भीतर राजा कौरव की मृत्यु हो गई तो पूरा परिवार चिंता में पढ़ गया और वह पुनः तांत्रिक यशवंत प्रजापति के पास माह दिसम्बर 2023 में गए तब तांत्रिक यशवंत प्रजापति ने बोला कि मेरे कहे अनुसार नहीं चलोगे तो मारे जाओगे । मुझसे पूजा पाठ करवाओ नहीं तो 3 दिन के भीतर तुम्हारे छोटे भाई की लड़की सुषमा कौरव की मृत्यु हो जायेगी। इस तरह आरोपी द्वारा कही बातों से अपने परिवारजनों की जिन्दगी को लेकर प्रार्थी पक्ष दहशत में आ गई और जब तंत्रिक से इसके निदान के संबंध में पूछता गया तो उसने कहा कि इस तरह तुम्हारे घर में घुसी हुई बाधाओं को दूर करने के लिये विशेष पूजा करना पड़ेगी और पूजा पाठ हेतु आरोपी तांत्रिक यशवंत प्रजापति ने कहा कि 14 लाख 68 हजार रूपये नगद पूजा स्थल पर रखना पड़ेगा । जिसमें से 68 हजार रूपये पूजा पाठ में खर्च हो जाएगें तथा 14 लाख बाद में वापस कर दिये जाएगें। प्रार्थी ने कहा कि इतने पैसे नही हो तो तांत्रिक ने पूजा पाठ करने से मना कर दिया। जिसके तीन दिन में छोटे भाई की लड़की के द्वारा फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई । तब यह लोग घबराकर तांत्रिक के पास पहुँचे और तांत्रिक ने बताया कि तुम्हारे परिवार में भूत प्रेत की बाधाएँ हैं । जल्दी पूजा पाठ नहीं करवाओगे तो इस बार 3 माह में तुम्हारी एवं तुम्हारे दोनों बेटे सोमलेश कौरव और कमलेश कौरव की मृत्यु हो जायेगी। इस डर के कारण पैसों का जुगाड़ करके यह लोग 14 लाख 68 हजार रूपये लेकर तांत्रिक के घर गए तब तांत्रिक यशवंत प्रजापति और उसके बेटे केशवराज प्रजापति ने यह पैसे अपने घर में बने देवी के स्थान पर रख दियें और उसके बाद तांत्रिक यशवंत प्रजापति एवं उसका बेटा केशव राज उर्फ अमन प्रजापति दोनों प्रार्थी के घर आये पूजा पाठ की और बोले अब कोई समस्या नहीं हैं । जब इन लोगों ने पूजा में रखे 14 लाख रूपये वापस माँगे तो तांत्रिक यशवंत प्रजापति ने कहा कि अभी 6 महीने पैसों को देवी के स्थान पर रहने दो नहीं तो बाधाएँ वापस लौट सकती है। इस तरह 6 माह के उपरांत यानि की जब 5 जून 2024 को तांत्रिक यशवंत प्रजापति के घर पैसे वापस लेने गए तो तांत्रिक के घर ताला लगा हुआ था। पुलिस ने अपने खुलासे के दौरान बताया कि इसी प्रकार तांत्रिक यशवंत प्रजापति के द्वारा सोमनाथ कौरव पिता रामकुमार कौरव उम्र 30 साल निवासी भमका से उनके दोनों नातियों की मृत्यु हो जाने का भय दिखाते हुये 16 लाख 80 हजार रूपये, तथा राघवेन्द्र कौरव पिता बालचंद कौरव निवासी भमका से उसके बच्चे एवं उसके भाई दीपक के साथ संक्रांति तक अनहोनी हो जाने की दहशत दिखाते उनके के के पास से 9 लाख 51 हजार रूपया। इसी प्रकार से प्रदीप कौरव पिता स्व.लालजी कौरव व फूलचंद कौरव पिता स्व.कन्हैयालाल कौरव एवं रामफल कौरव पिता सियाराम कौरव सभी निवासी भमका से मृतक राजा कौरव द्वारा रेत खदान से पूजा पर पाँव रख देने से प्रेत बाधा घर में आ जाने का डर दिखाते हुये तीनों से अलग अलग कुल 12 लाख 68 हजार रूपया। वही संजू कौरव पिता मेहरबान कौरव निवासी ग्राम कैंकरा से उसके भतीजे का पेट दर्द का ईलाज तंत्र-मंत्र से करने की कहकर उसके साथ 03 लाख 68 हजार रूपया तथा गनेश कौरव पिता जशमन सिंह कौरव निवासी पुआँरिया से उसके पुत्र हर्षित एवं छोटे भाई पवन कौरव की 03 माह में मृत्यु हो जाने की कहकर उसके साथ 16 लाख 68 रूपये, अनिल कौरव धनराज कौरव निवासी कैंकरा से उसकी भाभी के मानसिक रोग का ईलाज प्रेत बाधा का पूजन से करने की बात कहकर उसके साथ 04 लाख 68 हजार रूपया लिये। इस तरह आरोपी द्वारा इन लोगों से तंत्र-मंत्र,भूतबाधा के नाम पर छलपूर्वक करीबन कुल 78 लाख 71 हजार रूपये रूपया दहशत दिखाकर हडपे गये। वही इस तरह आरोपी द्वारा की गई धोखाधडी को लेकर प्रार्थी जन्डेल सिंह आत्मज दीनदयाल सिंह कौरव उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम भमका द्वारा की गई शिकायत पर पुलिस द्वारा गंभीरता दिखाई देते हुये आरोपी यशवंत प्रजापति एवं उसके पुत्र केशवराज उर्फ अमन प्रजापति खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया। इस तरह धोखधडी व ग्रामीणों को मौत का भय दिखाने वाले आरोपियों को शीघ्र गिरप्तार करने के आदेश दिये गये थें। जिसके चलते बनाई गई टीम द्वारा द्वारा आरोपी तांत्रिक यशवंत कुमार प्रजापति के संबंध में जानकारी एकत्र करने के साथ प्राप्त साक्ष्यों व मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी यशवंत कुमार प्रजापति का सागर में होने की जानकारी मिलते हुये टीआई उमेश तिवारी क टीम द्वारा बीते हुये विस सनराईस मेगा सिटी कॉलोनी सागर से आरोपी यशवंत कुमार प्रजापति को पुलिस अभिरक्षा में लेकर गाडरवारा लाया गया और जब उससे पूछताछ की गई तो आरोपी ने अपना नाम डॉक्टर उर्फ गुरूजी उर्फ यशवंत कुमार प्रजापति पिता सीताराम प्रजापति उम्र 45 वर्ष ग्राम केसली तहसील के पास थाना केसली जिला सागर का निवासी होना बताया गया तथा वर्तमान समय में इंदिरा वार्ड काबरा पेट्रोल पंप के पास वार्ड नं.3 गाडरवारा में तथा वर्तमान में सनराईस मेगा सिटी कॉलोनी सागर में रहने की बात स्वीकार करने के साथ पूर्व में गाडरवारा में गुनियाई,पंडियाई व डॉक्टरी का काम करना बताया गया। वही लोगों से इस तरह पैसा हडपने के संबंध में पुलिस द्वारा अपनी सूझबूझ से क्रमबद्ध पूछताछ करने पर आरोपी डॉक्टर उर्फ गुरूजी उर्फ यशवंत कुमार प्रजापति के द्वारा अपने पुत्र केशवराज उर्फ अमन प्रजापति एवं ग्राम कैंकरा निवासी गुनिया कमलेश कहार के साथ मिलकर लोगों के विषय में उनके घर के सदस्यों विशेषकर घर की महिलाओं से घर-परिवार में बीमार व्यक्तियों तथा परेशानियों की जानकारी एकत्र करते हुये उन्हें भूत-बाधा का भय दिखाते हुये गुमराह करते हे उस बाधा से दूर करने के लिये पूजा पाठ के नाम पर धोखाधड़ी करना स्वीकार किया। इस तरह तंत्रिक के साथी अन्य आरोपी कमलेश कहार पिता मूलचंद कहार उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम कैंकरा को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। वही पुलिस द्वारा अपने खुलासे में बताया गया कि आरोपी यशवंत के पास से नगदी 5 लाख 40 हजार रूपया के आलवा लगभग 13 लाख 50 हजार रूपया कीमत के सोने चांदी के जेबर, एक अर्टिगा कार, एक विफ्ट डिजायर कार, चार मोबाईल फोन, बैक खातों संबंधी दस्तावेज, विजटिंग कार्ड, पूजन सामग्री यानि की लगभग 43 लाख रूपया कीमत की सामग्री जप्त करते हुये आरोपियों को मा. न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर प्रकरण के गिरफ्तार शुदा आरोपी कमलेश कहार को ज्यूडिशियल रिमांड एवं जप्ती कार्यवाही तथा अग्रिम अनुसंधान हेतु आरोपी डॉक्टर उर्फ गुरूजी उर्फ यशवंत कुमार प्रजापति की 02 दिवस पुलिस रिमांड पर लेते हुये पुलिस द्वारा प्रकरण की विवेचना के दौरान धारा 467,467,471 भारतीय दंड विधान का ईजाफा किया गया । वही प्रकरण के अन्य आरोपी तांत्रिक पुत्र केशवराज उर्फ अमन प्रजापति की तलाश की जारी है। आरोपी मिलने पर प्रकरण में अन्य बरामदगी संभावित है। वही आरोपीगण के द्वारा अर्जित की गई संपत्ति के संबंध में आर्थिक अनुसंधान,चल-अचल संपत्ति की जानकारी प्राप्त कर गहन विवेचना की जा रही है । वही पुलिस द्वारा अपनी जानकारी में बताया कि रिमांड पर लिलये गये तांत्रिक के घर पहुंचकर जब तलाशी ली गई तो वहां का नजारा देखकर पुलिस दंग रहे गई। बताया जाता है कि पुलिस को आरोपी यशवंत प्रजापति के गाडरवारा स्थित निवास स्थान से 1 लाख 20 हजार नगदी व डाक्टरों के द्वारा इलाज करने की सामग्री सहित 39 नगर तलवारे तथा 182 छोटे बडे धारदार कटारों सहित भालों का ऊपरी नुकीला भाग मिला है। इस तरह तांत्रिक आरोपी को रिमार्ड पर लिये जाने के बाद हुई कार्यवाही के दौरान हथियारों का जखीरा मिलने पर पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ अलग से आयुद्य अधिनियम यानि की नये कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस तरह गाडरवारा पुलिस थाने में तांत्रिक के खिलाफ मामले से खाता खुला है। इस तरह भोले भाले ग्रामीणों को मौत का भय दिखाते हुये लाखों रूपया की राशि हडपने वाले आरोपी को पुलिस पकडने में सफल होने के साथ साथ उसके पास से भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा जप्त करने में सफल तो हो गई है। वही दूसरी ओर खुलासे के दौान जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा पत्रकारों को जानकारी देते हुये बताया कि आरोपी के खिलाफ नये कानून के तहत कार्यवाही की जावेगी तथा उसके बैक खातों सहित संपूर्ण संपत्ति के संबंध में भी जानकारी एकत्र की जा रही है जिससे कुर्की संबंधी कार्यवाही करने के लिये भी प्रयास हो सके? वही दूसरी ओर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि लगभग 7-8 माह समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम टेकापार के पास एक ग्राम सिमारिया निवासी तंत्र- मंत्र के नाम पर हुई हत्या के आरोपियों का संबंध भी इस आरोपी से जुडा होने की संभावना को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा उस संबंध में भी जांच कराने का भरोसा दिया गया है। इस तरह पुलिस द्वारा निश्चित तौर से एक बडी सफलता हासिल की गई है। मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि जिस तरह आरोपी गाडरवारा में निवास करते हुये इस तरह नियम विरूद्व अतिविधिओं को अंजाम दे रहा था तो क्या जिस मकान में आरोपी निवास कर रहा था उसके मकान मालिक द्वारा आरोपी के किराये से रहने संबंधी सूचना पुलिस थाने में दर्ज कराई गई थी? यदि नही कराई गई थी तो निश्चित तौर से पुलिस को इस तरह के मकान मालिकों के खिलाफ भी कार्यवाही करना चाहिये जो अनजान लोगों को अपना मकान किराये से उपलब्ध कराते हुये इस तरह की घटनाओं में अघोषित रूप से मददगार बनने से नही चूकते है।



## चिकित्सा दिवस के मौके पर बसेडिया द्वारा डाक्टरों के घर पहुंचकर किया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि इस युवक में यदि किसी मरीजों को जब दबाई के रूप में डाक्टर द्वारा किसी भी चीज का सेवन करने की बात कहता है तो मरीज उसे भगवान का आदेश मानते हुये ग्रहण करने से नही चूकता है। इसी के चलते मरीज द्वारा अपने डाक्टर को भगवान का स्वरूप मानने से नही चूकता है? यह बात अलग है कि कुछ डाक्टरों द्वारा मानव सेवा के रूप में किये जाने वाले अपने कार्य को धन की लालसा के चलते कलंकित करने से नही चूकते है..? मगर आज भी अनेक डाक्टरों में मरीज के प्रति जो सेवा भाव देखने मिलता है उसके चलते वह सम्मान ही नही बल्कि पूजन के हकदार बनने से नही चूकते है? वही दूसरी ओर सदा ही समाज सेवा में जुडे रहने वाली नगर के युवा मुकेश बसेडिया इस तरह लोगों को जीवन दान देने वाले डाक्टरों को हर वर्ष चिकित्सा दिवस के मौके पर उनका सम्मान करने में पीछे नही रहते है। इसी के चलते बीते सोमवार को चिकित्सा दिवस के मौके पर नगर के वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश बसिडया द्वारा शहर के अधिकांश चिकित्सकों के घर या फिर कार्य स्थल पर पहुंचकर उन्हें पीत वस्त्र ,प्रतीक चिन्ह सहित कलम डायरी एवं मास्क सहित अन्य प्रकार की सामग्री प्रदान करते हुये सम्मानित किया। इस दौरान बसेडिया द्वारा मुख्य जिला चिकित्सा व स्वाथ्य अधिकारी डॉ राकेश बोहरे, डॉ अखिलेश गुमास्ता, डॉ वी पी गुप्ता ,डॉ डी एस चौधरी, डॉ ओम प्रकाश नायक, डॉ राजेश दुबें, ब्लाक मेडीकल आफिसर डॉ अनिल पटेल, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ आशुतोष मेहता, डॉ उमा शंकर दुबे, डॉ राजीव राठौरिया, डॉ विजय पटेल,डॉ अरविंद जैन, डॉ जगदीश वर्मा, डॉ संजय मोदी, डॉ ए पी सिंह ,डॉ पंकज ठारवानी, डॉ मनीष महोबिया, डॉ संगीत जैन, डॉ संदीप फणसलकर, डॉ श्रीमति श्वेता फणसलकर, डॉ उपेंद्र सिंघई, डॉ एन पी बाजपेयी, डॉ रोहित शर्मा सहित आदि अनेक डाक्टर्स का सम्मान किया । इस दौरान वरिष्ठ व वयोवृद्ध चिकित्सक डॉ वीपी गुप्ता ने कहा कि हमने अपना संपूर्ण जीवन चिकित्सीय सेवा में व्यतीत करते हुये अनेक लोगो को नया जीवन प्रदान करने के प्रयासों में कोई कसर नही छोड़ी गई है। मगर शायद ही हम लोगों को कोई याद करता हो मगर मुकेश बसेडिया इसतरह के व्यक्ति है कि वह हम लोगों को याद करने से नही चूकते है और हर साल चिकित्सा दिवस पर बसेडिया द्वारा जो घर आकर सम्मान प्रदान किया जाता है वो हम सब चिकित्सको के लिए गौरव व आनंद के पलो भरा होने से नही चूकत है। इस अवसर पर मुकेश बसेडिया ने चिकित्सको को सम्मानित करते हुए कहा कि इस युग में धरती पर डॉक्टर भगवान के रूप है। क्योंकि बीमारी से लोगों की जान बचाने में डॉक्टरों का अहम योगदान होता है। कोरोना काल में चिकित्सकों के योगदान को भुलाया नही जा सकता। इस दौरान उनके साथ डॉ मेहता के यहां सर्वब्राह्मण महासभा अध्यक्ष महेश अधरुज एवं डॉ मोदी व डॉ दुबे के यहाँ शाम के समय शिक्षक मधु सूदन पटैल सहित अन्य लोग मौजूद थें।

## चोरी के संदेह में युवक को जबरन उठाकर ले जाने के बाद आधा दर्जन लोगों द्वारा उल्टा लटकाते हुये की गई मारपीट, नाजुक अंगों में करेन्ट लगाने के साथ वीडियो बनाते हुये किया वायरल, 5 आरोपी हुये गिरप्तार

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।**





आजकल युवाओं में फिल्मी दुनिया का बुखार इस तरह सुमार होते हुये देखा जा रहा है कि वह मारपीट जैसी घटनाओं को फिल्मी स्टाल से अंजाम देने से नही चूक रहे है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस चीचली पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम बारहाबड़ा में देखने मिली है जहां पर चोरी के संदेह में आधा दर्जन लोगों द्वारा एक युवक को जबरन उठाकर ले जाने के साथ उसे उल्टा लटकात हुये मारपीट करने के बाद उसके नाजुक अंगों में करेन्ट व पेट्रोल लगाते हुये तालिवानी तरीके से सजा देते हुये प्रताड़ित करते हुये विडियों बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर डाला। वही घटना को लेकर पुलिस द्वारा पांच आरोपियों को गिरप्तार करने में सफलता हासिल करते हुये एक आरोपी की खोजबीन की जा रही है। इस तरह अपहरण व मारपीट की घटना के संबंध में पुलिस द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि बीते हुये 30 जून को प्रार्थी ओमप्रकाश पिता मंजू कहार उम्र 29 साल निवासी माता मोहल्ला चीचली के द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुये बताया वह सुबह करीबन 10 बजे की बात है जब खिरका मोहल्ला चीचली में अखिलेश की पान दुकान पर खड़ा था तभी वहां पर कमल बंशकार एवं तुलाराम कुशवाहा और अक्कू कहार अपनी मोटर साईकिल से आये और कहने लगे कि तुझसे कुछ काम है हमारे साथ चलो तो वह जाने से मना कर दिया तो वे तीनों उसे जबरदस्ती अपनी मोटर साईकिल में बैठाकर ग्राम बारहाबडा ले गये जहां पर किसी कच्चे मकान के कमरे के अंदर ले गये जहां पर पहले से ही तुलाराम कुशवाहा के रिश्तेदार देवेन्द्र कुशवाहा, शिवराज कुशवाहा व मनोज कुशवाहा मौजूद थे। इस तरह आरोपियों द्वारा प्रार्थी से कहने लगे कि तूने हमारी मोटर साईकिल चुरायी है तो पीड़ित द्वारा कहा कि मैनें मोटर साईकिल नहीं चुरायी है। इसी बात को लेकर सभी ने एक रायह होकर गंदी गंदी गालिया देते हुये प्रार्थी के कपडे उतरवार कर रस्सी का उल्टा लटकाते हुये बारी बारी से लाठी, बेल्ट से मारपीट किये, मारपीट की गई जिसके चलते अनेक जगहों पर चोटे आई। वही दूसरी ओर जिस तरह वायरल विडियों में जो सच्चाई दिखाई दे रही है उसके अनुसार आरोपियों द्वारा पीड़ित को पूर्णरूप से नग्न करते हुये उसके नाजुक अंगों में करेन्ट लगाने के साथ पेट्रोल डालकर यातनाये दी गई जो वायरल विडियों में आरोपी खुद ही अपने मुंह से कहते हुये सुनाई पड़ रहे है..? इस तरह घटित हुई घटना को लेकर जब पीड़ित द्वारा चीचली पुलिस थाने में शिकायत की गई तो संपूर्ण घटनाक्रम को सुनकर जहां पुलिस भी दंग रह गई। वही थाना प्रभारी रोहित पटैल द्वारा मामले की गंभीरता को ध्यान में रखते हुये संपूर्ण घटनाक्रम से अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुये वायरल विडियों की सच्चाई से अवगत भी कराया गया। वही वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश में चीचली पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ अलग अलग धाराओं के तहत मामला कायम करते हुये जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन तथा अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र पटैरिया के मार्ग दर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के नेतृत्व में टीम बनाई गई जिसमें चीलची थाना प्रभारी रोहित सिंह पटैल के आलवा प्रधान आरक्षक संजय शाह दीवान, प्रधान आरक्षक (चालक) अमित पटेल, आरक्षक आदर्श पाठक, आरक्षक सोबरन, आरक्षक राजेश गुप्ता, आरक्षक पंकज रघुवंशी, आरक्षक महेन्द को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा आरोपियों को गिरप्तार करने के लिये जगह जगह छापे मारी करते हुये आरोपी तुलाराम पिता ओमकार कुशवाहा निवासी वार्ड क 01 चीचली, कमल पिता नेमचंद वंशकार उम्र 25 साल निवासी थाना मोहल्ला चीचली, शिवराज पिता केदार कुशवाहा उम्र 26 साल निवासी ग्राम दुरसुरू व मनोज पिता श्याम लाल कुशवाहा उब 34 साल निवासी ग्राम दुरसुरू तथा देवेन्द्र पिता प्रहलाद कुशवाहा उम्र 34 निवासी ग्राम बारहावड़ा को घटना के 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। वही इस घटना के दौरान आरोपियों द्वारा मोटर साईकिल, रस्सी, बेल्ट एवं बांस की लाठिया का उपयोग किया गया था उन्हें भी जप्त कर लिया गया है। वही बताया जाता है इस घटना में शामिल एक अन्य आरोपी जो नाबांलिग है उसके फरार होने के चलते पुलिस द्वारा उसकी खोजबीन की जा रही जिसे शीर्घ ही गिरप्तार करने में पुलिस द्वारा सफल होने की बात कही जा रही है। वही पुलिस का कहना है कि मारपीट करने संबंधी जो विडियों वायरल हुआ है उसकी भी जांच कराई जा रही है। इस तरह क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को संदेह के आधार पर तालिबानी तरीके से सजा देने के वायरल विडियों को लेकर लोगों द्वारा घटना का निंदा करते हुये आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग की जा रही है। लोगों द्वारा कहना है कि यदि इस तरह की प्रवृति रखने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस द्वारा सख्ती नही दिखाई गई तो निश्चित तौर से इस प्रकार की घटनाओं में बढोत्तरी दिखाई देने से नही चूक पायेगी।

## क्षेत्र के चयनित विद्यालयों में एक जुलाई से शुरू हुई प्री प्रायमरी की कक्षाओं के चलते फैल रही अनोखी रौनक

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के अनुसार समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्य योजना सत्र 2024- 25 के अंतर्गत प्री प्रायमरी कक्षायें प्रारंभ किये जाने वाले विद्यालयों का परीक्षण व सत्यापन के उपरान्त जिले के 50 विद्यालयों में पूर्व प्राथमिक कक्षायें प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की गई है जिसके तहत बीते सोमवार यानि की 1 जुलाई से साईंखेड़ा ब्लॉक के 10 एवं चीचली ब्लॉक के 7 चयनित विद्यालयों में नर्सरी, केजी वन 1, केजी 2 कक्षाओं में 3- 5 वर्ष की आयु समूह के सभी बच्चों का नामांकन कर दैनिक कार्यक्रम के अनुसार गतिविधियों का आयोजन कराना शुरू होने के चलते यहां पर अनोखी रौनक दिखाई दे रही है। विदित हो कि जिन विद्यालय परिसर में पूर्व से आँगनवाड़ी संचालित हैं उन विद्यालयों में पूर्व प्राथमिक कक्षायें संचालित नहीं किया जाना है। बताया जाता है कि राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के लिए लगभग 4 घंटे की दैनिक गतिविधियों हेतु सुझावात्मक समय सारिणी जारी की जा चुकी है जिसके अंतर्गत गतिविधियां समय सारणी द्वारा संचालित की जाना है। उल्लेखनीय है कि प्री प्रायमरी कक्षाएं क्षेत्र के चीचली ब्लॉक अंतर्गत शा उ माध्यमिक शाला तेंदुखेड़ा गोटिटोरिया, बसुरिया, हाईस्कूल सीरेगांव, बड़ागांव, मालहनवाड़ा इकलोनी, शासकीय कन्या माध्यमिक शाला चीचली एवं बाबईकला एवं साईंखेड़ा ब्लॉक में शा उ मा।शाला बम्होरी कला, आमगांव छोटा, नांदनेर,खुरसीपार, हाई स्कूल निवारी, भटेरा, झांझन खेड़ा, निमावर,शा माध्यमिक शाला चिरह कला एवं किसानी स्कूल गाडरवारा में प्रारंभ किए जाने के निर्देश दिये गए थें।

**खबर संक्षेप**

### महाविद्यालय में पौधारोपण



**मेंहदवानी।** शासकीय महाविद्यालय मेहंदवानी में सोमवार को पौधारोपण किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ लेखराम कुर्मी, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई संयोजक डॉ गौरी सिंह परते के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में आम जामुन नीम आदि पौधे रोपित किए गए। इसके साथ स्वयंसेवकों द्वारा शपथ लिया गया कि अपने जीवन में हर वर्ष पौधे अनिवार्य रूप से लगाने और अपने गांव के लोगों को भी अपने जीवन में पेड़ लगाने के लिए एवं पर्यावरण के लिए पौधों का संरक्षण करने प्रेरित किया जायेगा। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं सहित महाविद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

### म.प्र. पर्यटन क्विज प्रतियोगिता

**डिंडौरी।** म.प्र. पर्यटन क्विज प्रतियोगिता म.प्र. के समस्त 52 जिलों में एक साथ आयोजित की जा रही है। इसके लिए दिनांक 27.07.2024 को प्रथम चरण का समय प्रातः 9 से 2.30 बजे तथा द्वितीय चरण अपरान्ह 02.30 से 05.30 बजे तक सुनिश्चित किया गया है। यह प्रतियोगिता प्रदेश के स्कूली छात्र-छात्राओं में म.प्र. में पर्यटन के प्रति जागरूकता लाना, कौतूहल उत्पन्न करने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। क्विज प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु प्रत्येक विद्यालय से कक्षा 9वीं से 12वीं के कुल 03 विद्यार्थी जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

# प्रतिवर्ष मरम्मत के बाद भी ढह गई सड़क

## पी एम जी एस वाय के एक और भ्रष्टाचार की खुली पोल





**बांध के अतिरिक्त भरने से बहे पानी से टूट गई सड़क**

तहसील और जनपद पंचायत क्षेत्र बजाग अंतर्गत ग्राम पंचायत सरवाही के पोषक ग्राम ढोंढ में वर्षों पूर्व बने बांध के किनारे से ढोंढ ग्राम जाने के लिए एक पी एम जी एस वाय योजना अंतर्गत सड़क निर्माण किया गया है, जिसे रपटा की भांति बनाकर पानी निकालने का साधन बनाया गया है।

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

ग्रामीणों द्वारा बताया गया है कि हर वर्ष बरसात के मौसम में बांध में पानी भर जाने के बाद बांध का पानी सड़क से होकर निकलता है तथा अधिक बरसात में पानी के कटाव के चलते रोड़ हर वर्ष टूट जाती है, पिछले वर्ष भी रोड़ बरसात में टूट गई थी वही हर साल सड़क टूटती है और विभाग मेंटनेंस करवाता है। ग्रामीण बताते हैं कि इस वर्ष भी मेंटनेंस हुआ था पर घटिया मेंटनेंस और पानी निकलने के लिए पाईप पुलिया ना डालने के चलते मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति कर भ्रष्टाचार किया गया है। ग्रामीण बताते हैं कि इस मरम्मत कार्य के दौरान हमने अनेक बार अधिकारियों और ठेकेदार को बोला कि पाईप पुलिया डाल दो जिससे पानी निकल सके पर आज दिनांक तक हमारी मांग अनुसार सड़क नहीं बनाई गई। पानी निकालने के लिए कोई उपयुक्त साधन ना होने के चलते हर वर्ष ग्रामीणों को इस समस्या से जूझना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि हमारी समस्या को ध्यान में रखकर विभागीय अमला स्थायी रूप से कोई समाधान अपनाए जिससे क्षेत्र में आवागमन में कोई सुविधा ना हो।

# पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का जिलेवासियों को अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना केंद्र सरकार द्वारा जारी की गयी योजना है जिसका उद्देश्य आवासीय घरों में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत घेरलू विद्युत उपभोक्ताओ को उनकी छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है जिसमे बिजली के बिलों में 30 प्रतिशत से 70 प्रतिशत कमी आएगी और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखा जा सकेगा। वेंडर द्वारा 5 वर्ष तक सोलर प्लांट का रख रखाव भी शामिल है।

**केंद्रीय वित्तीय सहायता सीएफए विवरण -** पीएम सूर्य धन योजना के तहत सरकार आवेदनकर्ता के खाते पर सोलर प्लांट लगाने के उपरांत केंद्रीय विनीय सहायता सीएफए प्रदान करती है।

1केवी के सोलर रूफटॉप कनेक्शन पर 30000 रु रुपए की सब्सिडी। 2 केवी के मोलर रूफटॉप कनेक्शन पर 60000 रु रुपए की सब्सिडी। 3 केवी व 3 केवी में अधिक के सोलर रूफटॉप कनेक्शन पर 78000 रु की सब्सिडी।

**नेट मीटर कैसे काम करता है-** नेट मीटर एक द्विदिश मीटर है जो ग्रिड से खपत की गई बिजली और आपके सोलर पैनलों द्वारा विद्युत ग्रिड में दी गयी बिजली दोनों को रिकॉर्ड करता है। यह इस प्रकार काम करता है,दिन के समय आपके सोलर पैनल बिजली उत्पन्न करते हैं, जो सबसे पहले आपके घर के उपकरणों द्वारा उपयोग की जाती है। अतिरिक्त बिजली ग्रिट में वापस भेजी जाती हैए और नेट मीटर इस निर्यातित ऊर्जा को रिकॉर्ड करता है। रात के समय या वादल वाले दिनों में, जब आपके सोलर पैनल पर्याप्त बिजली नहीं बना रहे होते हैं, तो आप पिंड से बिजली खींचते हैं। नेट मीटर इस आयातित ऊर्जा को रिकॉर्ड करता है। विलिंग चत्र के अंत में, शुद्ध खपत की गई ऊर्जा , आयातित माइनस निर्यातितद्ध की गणना की जाती है।

**बिजली बिल में नेट मीटरिंग के कई वित्तीय लाभ हैं** - बिजली बिल में कमीः केवल शुद्ध खपत की गई बिजली यकुल खपत माइनस ग्रिड में भेजी गई अतिरिक्त मौर ऊर्जा के लिए भुगतान करें। 30 प्रतिशत से 70 प्रतिशत तक विद्युत बिल में बचत होगी। केडिट अर्जित करें यदि आप अपनी घपत में अधिक बिजली उत्पन्न करते हैं, तो आप भविष्य के बिजली बिलों को ऑफसेट करने के लिए क्रेडिट अर्जित कर मकते हैं। ऊर्जा स्वतंत्रताः चिड पर निर्भरता कम करें और बढ़ती बिजली लागत से बचाव करें। सोलर प्लाट की लागन 4 में 5 बर्ष में निकल आएगी।

**पीएम सूर्य घर योजना के लिए आवेदन कैसे करें-** ऑनलाइन पंजीकरणः आधिकारिक पीएम सूर्य घर योजना वेबसाइट पर जाएं और पंजीकरण फॉर्म भरें। आवेदन जमा करना आवेदन बिजली बिल अपलोड करें। स्वीकृतिः आवेदन करने पर आटोमेटिक स्वीकृति मिल जायेगी (10 केवी तक) । स्थापनाः । स्वीकृत के बाद, स्वीकृत सूची से एक विक्रेता चुनें और अपने सोलर पैनलों और नेट मीटर की स्थापना का शेड्यूल बनाएं। सब्सिडी वितरण स्थापना और सत्यापन के बाद सब्सिडी की राशि सीधे आवेदक के बैंक खाते में क्रेडिट की जाएगी।

**पैनल और विक्रेता कैसे चुनें-** पीएम घर योजना के लाभों को अधिकतम करने के लिए सही सोलर पैनल और एक विश्वसनीय विक्रेता चुनना महत्वपूर्ण है, पैनल का चयन करें. उन दक्षता बाले पैनलों को अच्छे वारंटी शर्तों के साथ देखें। पैनल के प्रकार (मोनोक्रिस्टलाइन, पॉलीक्रिस्टलाइन), दक्षता, और गिरावट दर जैसे कारकों पर विचार करें। विक्रेताओं की तुलना करेः योजना की वेबसाइट पर स्वीकृत विक्रेताओं की सूची का उपयोग करे। उनके अनुभव, ग्राहक समीक्षा और बिक्री के बाद की सेवा की तुलना करें। प्रतिस्पर्धी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए कोट प्राप्त करें। सत्यापित करें कि कोट में क्या शामिल है (जैसे स्थापना, नेट मीटर, रखरखाव)। प्रमाणपत्र जांचें सुनिश्चित करें कि पैनल और इनवर्टर निर्धारित राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानको (जैन प्ष्ब और ठप्ै प्रमाणपत्र को पूरा करते हैं। सौर पैनल की उम्र मामान्यतः 25 वर्ष होती है, लेकिन सही देखभाल और निरीक्षण के साथ इसका उपयोग और भी अधिक समय तक किया जा सकता है। प्रति किलो बाट गोलर प्लांट की लागत राशि लगभग 50-60 हजार रुपए होती है जो की कंपनी, उपभोक्ता की पसंद सोलर पैनल के प्रकार आदि पर निर्भर है। सरकार द्वारा पैनल की कोई नियत राशि निर्धारित नहीं है। आधिकारिक पीएम सूर्य धन योजना बेवसाइट पर जाएं या हमारी हेल्पलाइन 1912 पर कॉन करें।

-प्रार्थना सभा में शामिल हो छात्र विनोद को उसके जन्मदिवस पर पुष्पगुच्छ और पुस्तक भेंटकर दी बधाई

# कलेक्टर ने सीएम राइज स्कूल नरिया का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।



कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज सीएम राइज स्कूल नरिया का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय की प्रार्थना सभा मै शामिल हुए, सभी गतिविधियों का अवलोकन किया। कलेक्टर की उपस्थिति में आज कक्षा 5 वी के छात्र विनोद का जन्मदिन मनाया गया। कलेक्टर ने छात्र विनोद को पुष्पगुच्छ एवं पुस्तक भेंटकर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने विद्यार्थियों का पढाई के प्रति मनोबल और हौसला बढ़ाने के लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की। प्रार्थना सभा पश्चात हाउस बोर्ड का अवलोकन किया। विद्यालय के वार्षिक प्रार्थना एवं बाल सभा कैलेंडर का विमोचन किया गया। इस दौरान पीटीए अध्यक्ष श्रीमती दयावती मरावी, प्राचार्य बंशबहोर द्विवेदी, प्रधानपाठक प्रवीण सोनकिया, विद्यालय के समस्त शिक्षक और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए वर्तमान समय मे आने वाली कठिनाईयों से कैसे निपटा जाये, कैसे एक आदर्श विद्यालय के निर्माण मे विद्यार्थियों की भूमिका होती है, इस पर चर्चा की। साथ ही बच्चों को ऊँचे सपने देखने एवं उन सपनों को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया। पुस्तकालय की एक पुस्तक सप्ताह मे एक दिन अवश्य पढ़ने हेतु प्रेरित किया। कलेक्टर ने शिक्षकों को अखबार की 05 महत्वपूर्ण खबरों को प्रतिदिन प्रार्थना सभा मे शामिल करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने इसके बाद प्रधानमंत्री जी के आव्हान पर 'एक पौधा, माँ के नाम' लगाने की अपील की एवं सभी बच्चों को सभ्य नागरिक बनने के लिए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। अंत मे हाउस कैप्टन एवं हाउस प्रभारी के साथ विद्यालय के नवाचार के रूप में प्रत्येक हाउस को आवंटित किए गए 50-50 गमलो मे पौधारोपण भी किया गया।

### कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट कार्यालय सहित विभिन्न विभागों का किया निरीक्षण

कलेक्टर विकास मिश्रा के द्वारा कर्मचारी/अधिकारी कार्यालय समय निर्धारण के संबंध में मध्यप्रदेश शासन के निर्देशों का पालन करते हुऐ आज संयुक्त कलेक्टर सुनील शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर वैद्यनाथ ने संयुक्त रूप से कलेक्टर के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर भवन कार्यालयों का 10:15 बजे सभी विभागीय कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और संबंधित विभागों के उपस्थिति रजिस्टर का अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान कार्यालय में अनुपस्थित कर्मचारी/अधिकारी का एक दिन का वेतन काटने की कार्यवाही की गई। निरीक्षण में जन अभियान परिषद व आबकारी विभाग बंद पाए गए। कर्मचारियों का एक दिवस वेतन काटते हुए आने वाले समय में निर्धारित समय 10 बजे से 6 बजे तक शासकीय कार्यों को संधारित करने के निर्देश दिए। इस प्रकार अनुपस्थित पाए जाने वाले विभागों में कलेक्टर कार्यालय से 7 कर्मचारी, एसडीएम कार्यालय 6, तहसील कार्यालय 15, भू-अभिलेख कार्यालय 3, परियोजना प्रशासक बैगा विकास 3, महिला एवं बाल विकास 8, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग 8, जिला परियोजना सांख्कीय विभाग 6, सहायक एपीए कार्यालय 5 और सहकारिता कार्यालय से 4 अधिकारी कर्मचारियों सहित कुल 65 सभी अधिकारी कर्मचारियों का वेतन काटने के साथ साथ भविष्य में निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचने के निर्देश दिए। इसी प्रकार आगामी दिवस में भी शेष सभी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया जायेगा।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन

## भाजपाइयों ने किया मोहब्बत की दुकान कांग्रेस कार्यालय के सामने पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज डिण्डोरी।

लोकसभा की कार्यवाही के दौरान राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान पर भाजपा पदाधिकारियों ने राहुल के बयान को 'हिन्दू विरोधी' बता कर प्रदर्शन शुरू कर दिया गया। इसी क्रम में डिण्डोरी में भाजपा जिला अध्यक्ष अवध राज बिलैया के उपस्थिति व युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष राकेश परस्ते के नेतृत्व में जिला भाजपा कार्यालय डिंडोरी से जुलूस निकालकर गांधी चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय मोहब्बत की दुकान के सामने राहुल गांधी का पुतला जलाकर राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाकर विरोध जताया गया। बता दें कि राहुल गांधी ने सदन में हिन्दू नहीं, हिंसक हैं इसी बयान को बीजेपी डिण्डौरी के कार्यकर्ताओं और हिंदू संगठन ने राहुल गांधी का पुतला जलाकर उनकी संसद सदस्यता रद्द करने की मांग की।

### राहुल गांधी से माफी की मांग

डिण्डौरी में बीजेपी कार्यकर्ताओं और हिंदू संगठन ने संसद में नेता विपक्ष राहुल गांधी का पुतला जलाकर उनकी संसद सदस्यता रद्द करने की मांग की। राहुल गांधी द्वारा दिए गए बयान को सनातन और भारत का अपमान बताते हुए बीजेपी कार्यकर्ता और हिंदू संगठन उनसे माफी की मांग कर रहे हैं।

### -हिंदू समाज सहिष्णु है

भाजपा जिलाध्यक्ष अवध राज बिलैया ने कहा, 'राहुल गांधी ने हिंदुओं को हिंसक कहा है लेकिन राहुल गांधी को मालूम नहीं कि हिंदू समाज इतना सहिष्णु है कि यह देश हिंदुओं का था लेकिन सदा से यहां अनेक धर्मों का स्वागत किया है. हमारे देश की संस्कृति सभी धर्म का सम्मान करना सिखाती है और उन्होंने हिंदुओं को हिंसक बताया है। जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आई है, तबसे बताइए कि किसी हिंदू ने किसी अन्य धर्म के साथ हिंसा की है या यहां से मार भगाया है? इसलिए भाजपा कार्यकर्ताओं व समग्र हिंदू समाज ने मिलकर राहुल गांधी का पुतला जलाया है। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोहर सिंह ठाकुर, बद्री प्रसाद साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ठाकुर, पूर्व मंडल अध्यक्ष दुर्गेश साहू, युवा मोर्चा जिला महामंत्री हरिहरन रजक, जिला उपाध्यक्ष कुशलराज बिलैया व बलराम राठौर, जिला मंत्री सौरभ सोनी, जिला मीडिया प्रभारी प्रशांत मिश्रा, जिला कार्यमंत्री पवन ठाकुर, नगर अध्यक्ष कान्हा शर्मा, मंडल अध्यक्ष सरजू प्रसाद ठाकुर, शांतनु पाठक, बजाग मंडल अध्यक्ष सुशील यादव, मंडल उपाध्यक्ष दिनेश सोनी, मंडल उपाध्यक्ष कान्हा राव, शेर सिंह ठाकुर ,नीरज शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनसुनवाई में आए 53 आवेदन पत्रों की हुई सुनवाई



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशन में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी गई। जनसुनवाई में एडीएम सरोधन सिंह, अपर कलेक्टर सुनील शुक्ला, एसडीएम डिंडौरी रामबाबू देवांगन ने लोगों द्वारा प्रस्तुत किए गए 53 आवेदन पत्रों की सुनवाई की। आवेदन पत्रों की सुनवाई कर आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया गया। जनसुनवाई में आज भारत नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने आवेदन पत्र प्रस्तुत कर बताया कि विगत दो साल से नर्सिंग कॉलेज की परीक्षा न होने के कारण छात्राओं ने अपने दस्तावेज, स्थानांतरण प्रमाण पत्र एवं फीस वापिस नहीं करने की शिकायत किए हैं। जिस पर अपर कलेक्टर ने सीएमएचओ डिंडौरी को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार से आवेदक अब्दुल माजिद खान ने आवेदन देकर बताया कि मेरे पुत्र हुमेर खान, हुजैब खान और हुनैब खान को कक्षा पांचवी, तीसरी एवं पहली में वर्ष 2022-23 में न्यू गोल्डन वैली पब्लिक स्कूल शाहपुर में प्रवेश कराया था। संचालक के द्वारा बताया गया था कि इन बच्चों की प्रवेश शुल्क नहीं लगेगी किन्तु परीक्षा के दौरान संचालक के द्वारा पैसा मांगने की शिकायत की जिस पर संयुक्त कलेक्टर डिंडौरी ने जिला शिक्षा अधिकारी को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। आवेदिका कल्लो बाई बर्मन निवासी वार्ड क्र. 05 डिंडौरी ने अनावेदकगणों के द्वारा एक साथ मिलकर घर में घुसकर मारपीट करने एवं गाली गलौच करने की शिकायत पुलिस थाना डिंडौरी में रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद भी अनावेदकगणों के विरूद्ध किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं करने की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक डिंडौरी को इस प्रकरण का जांच करते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार रायसिटी कॉलोनी डिंडौरी के निवासियों के द्वारा कॉलोनाइजर के द्वारा आवेदकों से गलत तरीके से पैसे एकत्रित कर एवं कॉलोनी में दो गेट लगवाए जाएंगे, कॉलोनी में शुद्ध पेयजल, पक्की सड़क एवं सड़क के दोनो तरफ नाली की सुविधा, सुव्यवस्थित बगीचा, पूजा के लिए मंदिर, स्ट्रीट लाइट एवं 24 घंटे चैकीदार की व्यवस्था जैसी सुविधा दिए जाने के प्रलोभन के संबंधित शिकायत की गई है। जिस पर अपर कलेक्टर के द्वारा एसडीएम राजस्व डिंडौरी को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनसुनवाई में आवेदकों के द्वारा राशन वितरण, वृद्धावस्था पेंशन, मजदूरी भुगतान, संबल योजनांतर्गत सहायता राशि सहित अन्य समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए गए। इन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण किया गया, जिन आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण नहीं हो सका, उसके लिए आवेदकों को समय सीमा दे दी गई है। साथ ही जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का विभागीय अधिकारियों को निराकरण कर शिकायतकर्ता को अवगत कराने भी कहा गया है।

**खबर संक्षेप**

## अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी सदस्य ने किया पद त्याग



**नरसिंहपुर।** जिले में जिला अधिवक्ता संघ के एक सदस्य ने संघ की व्यवस्थाओं पर असंतोष जताते हुए अपने पद से त्याग पत्र दे दिया। अधिवक्ता संघ के सदस्य रामसेवक धाकड़ ने जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष के नाम पत्र लिखकर कहा की संघ के अधिवक्ताओं द्वारा मुझे 238 मतों से विजय बनाकर जिला अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया था। अधिवक्ताओं की अपेक्षाओं को संघ के अधिकारियों के बीच समन्वय बना पाने में अक्षम समझ रहा हूं, अतः मैं अपने पद से आज त्याग पत्र दे रहा हूं। सदस्य द्वारा त्याग पत्र दिये जाने के बाद से चर्चा का विषय बनी रही।

## फोर व्हीलर की टक्कर से बाइक सवार युवक की हुई मौत



**नरसिंहपुर।** गत दिवस मुंगवानी थाना अंतर्गत आने वाले खापा गांव के पास नेशनल हाईवे पर आदेगांव थाना क्षेत्र मोहगांव निवासी संदीप पिता कडोरी यादव उम्र 20 वर्ष बाइक से अपने घर से नरसिंहपुर जा रहा था उसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही फोरव्हीलर वाहन ने टक्कर मार दी जिसकी मौके पर मौत हो गई वहीं पुलिस ने मौके पर पहुँचकर पंचनामा कार्यवाही कर 1033 एम्बुलेंस से शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया जहां परिजनों की मौजूदगी में डॉक्टर के द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

## पेड़ पर देखी हनुमान जी की आकृति, उमड़ी भक्तों की भीड़



**करेली।** नगर के रेलवे फाटक के पास पेट्रोल पंप के सामने महानीम के पेड़ में महाबली हनुमान जी के जैसा विग्रह दिखाई दिया। महानीम पेड़ के तने में एक हनुमान जी की आकृति दिखाई दी तो दर्शन करने के लिए लोगों की भीड़ इकट्ठी होने लगी हैं।

## जिले में अब तक 128.2 मिमी वर्षा दर्ज

**नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर जिले में एक जून से 2 जुलाई तक की अवधि में औसत रूप से कुल 128.2 मिमी अर्थात 5.05 इंच वर्षा दर्ज की गयी है। एक जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 4.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 3 मिमी, गाडरवारा में 4 मिमी, गोटेगांव में 11 मिमी वर्षा और तेंदूखेड़ा में 3 मिमी वर्षा आंकी गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जुलाई तक तहसील नरसिंहपुर में 97 मिमी, गाडरवारा में 182 मिमी, गोटेगांव में 190 मिमी, करेली में 52 और तेन्दूखेड़ा में 120 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 354 मिमी वर्षा हुई थी। इस अवधि में पिछले वर्ष तहसील नरसिंहपुर में 439 मिमी, गाडरवारा में 388 मिमी, गोटेगांव में 220 मिमी, करेली में 419 मिमी और तेन्दूखेड़ा में 310 मिमी वर्षा हुई थी।

### पीएम श्री कॉलेज में दीक्षारंभ समारोह का शुभारंभ

# कॉलेज में विद्यार्थियों के जीवन की यात्रा की नयी शुरुआत: कलेक्टर

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में मंगलवार को दीक्षारंभ समारोह प्रारंभ हुआ। कलेक्टर ने माँ सरस्वती का पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। कलेक्टर श्रीमती पटले ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यह आपके जीवन की यात्रा की शुरुआत है।

इसके पहले आपने स्कूल शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण की है। अब यह कॉलेज की यात्रा आपके भावी जीवन को निर्धारित करेगी, क्योंकि आपके द्वारा कैरियर निर्धारण के लिए विषय का चयन इसी उद्देश्य से किया गया है। यह आयोजित कार्यक्रम प्राचार्य, प्रोफेसर, शिक्षकों के लिए सरकारी हो सकता है, लेकिन आप लोगों के लिए यह आपके जीवन का डिसाइडिंग पॉइंट साबित होगा।







कलेक्टर श्रीमती पटले ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि किसी भी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बनने के लिए व्यक्ति को बहुत संघर्ष और मेहनत करनी पड़ती है। कार्यक्रमों में मोटिवेटर्स आकर अपनी बात कहकर चले जाते हैं, लेकिन आपको उनके द्वारा बतायी गई बातों को सुनकर उसे अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए आत्मसात करना होगा। इसके लिए आपको कॉलेज में नियमित तौर पर समय पर आकर कक्षाओं में कराई जा रही पढ़ाई, प्रोजेक्ट्स को पूर्ण करना होगा। यहाँ शिक्षकों द्वारा दिये जा रहे ज्ञान को ग्रहण करना होगा। आप यह अच्छी तरह से जानते हैं कि सही क्या है और गलत क्या है। क्लासेज कभी बंक ना करें। यह सभी छोटी- छोटी बातें ही आपको जीवन में अनुशासित रहने, आपकी जिज्ञासा बढ़ाने और आपके व्यक्तित्व निर्माण में काम आएगी।

महाविद्यालय की प्राचार्य ममता शर्मा ने दीक्षारंभ कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को लगन एवं परिश्रम से अध्ययन करने के लिए कहा। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों को महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ का परिचय दिया। नव प्रवेशित विद्यार्थियों को वरिष्ठ विद्यार्थियों से परिचय कराया। विद्यार्थियों को महाविद्यालय में उपलब्ध खेल के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें खेल के महत्व को समझाया। उन्हें ऐकडेमिक कैलेंडर, स्कॉलरशिप योजनाओं,टाइम टेबल एवं सिलेबस से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. चंद्रशेखर राजहंस और आभार डॉ. अधिकेश राय ने किया।

प्रो. महेन्द्र कुमार मेहर ने शैक्षणिक विनियम संबंधी जानकारी देते हुए छात्रवृत्ति के नियमों, प्रकार और आवेदन करने की प्रक्रिया को पी.पी.टी. के माध्यम से अवगत कराया। उन्होंने सत्र 2024-25 के लिए एकेडमिक कैलेण्डर तथा परीक्षा संबंधी उपयोगी जानकारियाँ प्रदान की। डॉ. प्रभृति सेन ने कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत संस्था में चलाये जा रहे परम्परागत स्वरोजगार, प्रशिक्षण विभिन्न प्रतियोगिताओं की तैयारी, रोजगार मेला के माध्यम से रोजगारों के अवसरों की उपलब्धता के बारे में बताया। क्रीड़ा अधिकारी अर्पित सक्सेना ने पाठ्यकेत्तर गतिविधियों की जानकारी देते हुए व्यक्तित्व विकास पर अपना उद्बोधन दिया। डॉ. सी.एस. राजहंस ने विद्यार्थियों की चार्टर के बारे में बताया कि उन्हें महाविद्यालय में क्या करना चाहिए क्या नहीं करना चाहिए। इस पर विभिन्न उदाहरणों को देकर अपनी बात को रखा। विभागों और पाठ्यक्रमों के परिचय को लेकर भी चर्चा की गयी।

## भाजयुमो ने किया राहुल गांधी का पुतला दहन

**नरसिंहपुर।** मंगलवार को भाजपा युवा मोर्चा द्वारा कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा संसद में हिंदुओं को हिंसक बताए जाने वाले बयान को लेकर बीजेपी हमलावर हो गई है. बीजेपी ने कांग्रेस को इस मुद्दे पर सदन से सड़क तक घेरने का काम शुरू कर दिया है। इसी क्रम में भाजपा और युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने आज सुभाष पार्क चैराहे पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष व मण्डल अध्यक्ष शिवम श्रीवास्तव के नेतृत्व मे प्रदर्शन कर राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुये पुतला दहन किया गया। उक्त मौके पर विधानसभा संयोजक सुनील कोठारी, जिला उपाध्यक्ष विनीत नेमा, भाजपा मंडल अध्यक्ष रमाकांत चैबे, जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा, जिला सह कार्यालय मंत्री शिशिर दुबे, मनोज ठाकुर, अभिषेक नेमा, गौरव तिवारी, रचित चैरसिया, सुशील सोनी, नवीन रमानी, विनोद पटेल, राजा पटेल, नितिन पटैल, डालचंद चैधरी, ऋषभ साहू, अजय अहिरवार, क्षतिष सोनी. सहित भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



## श्री खाटू श्याम सेवा समिति गठित

**करेली।** शहर के तुलसी नगर, बस स्टैंड के समीप स्थित श्री खाटूश्याम मंदिर में विविध धार्मिक कार्यक्रम आरती, श्याम संकीर्तन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। गत रविवार को श्याम प्रेमियों की आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मंदिर की विविध व्यवस्थाओं, क्रियाओं के सुचारू संपादन हेतु श्री श्याम सेवा समिति करेली का गठन सर्वसम्मति से किया गया। श्याम सेवा समिति परिवार में श्याम प्रेमी वरिष्ठ सदस्यों में पार्षद संजय जैन, बृजेश चैरसिया, आशीष धुर्वे, महेश अग्रवाल बैटरी वालों को रखा गया तो सचिन नेमा अध्यक्ष, घनश्याम विश्वकर्मा, डॉ. पंकज नेमा उपाध्यक्ष, अमित जैन संजय सचिव, अंकुर अग्रवाल एलआईसी सह सचिव, अनुराग अग्रवाल कोषाध्यक्ष, रुपेश वर्मा उमंग सह कोषाध्यक्ष, मीडिया प्रबंधन अरविंद सोनी पत्रकार सहित महाप्रसादी व्यवस्था प्रमुख हरि पटेल, भगवान दास भूरे श्रीवास, सांस्कृतिक संगीत कार्यक्रम प्रमुख सुश्री यशी चैरसिया, सरदार गगनदीप सिंह हर्ष, कौशल किशोर नेमा, मंदिर व्यवस्था प्रमुख बंटी मेहरा, सुमित मेहरा, सोमेश, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती ज्योति चैरसिया सहित सम्मानित श्याम प्रेमियों में प्रेम कुमार चंदवानी, संजय ब्रजपुरिया, पारस सिंह राजपूत, रामकृष्ण ब्रजपुरिया, शैलेश गुप्ता, विजय बहादुर सिंह पचैरी, गुड्डा पसारी, अभिषेक अग्रवाल, संजय सरोहा, दीपक अग्रवाल गोलू, बैद्यनाथ चैरसिया राजू, नीलेश मेहरा सहित श्याम प्रेमियो की उपस्थिति रही।

## जनसुनवाई में आये 115 आवेदन

**नरसिंहपुर।** मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के जनसुनवाई हाल में जिले के विभिन्न स्थानों पहुंचे लोगों ने अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह और संयुक्त कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। इस दौरान लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 115 आवेदन आये।



## नए कानून की जानकारी के लिए हुआ जनसंवाद कार्यक्रम

**नरसिंहपुर।** देश भर में 1 जुलाई से लागू होने वाले नए कानून को लेकर नरसिंहपुर के स्टेशन गंज थाने में जागरूकता कार्यक्रम एवं नए कानून के प्रावधानों को लेकर जनसंवाद का आयोजन किया गया जिसमें मोनिका तिवारी एस डी ओ पी एवं विजय द्विवेदी एसआई द्वारा प्रतिष्ठित नागरिकों, युवा जनों एवं आटो चालकों को नए कानून के प्रावधानों के बारे में जनसंवाद के माध्यम से जानकारी दी गई। मोनिका तिवारी एस डी ओ पी ने बताया कि नए कानून के तहत अब देश में कहीं भी एफ आई आर दर्ज हो सकेगी सॉफ्टवेयर को इस तरह से तैयार किया गया है की दर्ज एफ आई आर घटना स्थल के आधार पर खुद संबंधित थाने से ट्रांसफर हो जाएगी। जहां से मुकदमे की विवेचना होगी उसी थाने से एफ आई आर नंबर दर्ज होगा। खास बात यह है कि अगर पीड़ति ऐसी परिस्थिति में है कि वह थाने नहीं पहुंच पा रहा है तो व्हाट्सएप टेलीग्राम व मेल के जरिए भी तहरीर भेज कर एफ आई आर दर्ज करा सकता है एफ आई आर दर्ज होने के बाद पीड़ति के मोबाइल नंबर पर ही एफ आई आर की व्हाट्सएप काफी भेज दी जाएगी।



## उल्लास नव भारत साक्षरता प्रशिक्षण



**नरसिहपुर ।** जिले में 5वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग के समस्त असाक्षरों जिन्हें बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता का ज्ञान नही हैं या कोई साक्षरता का प्रमाण पत्र नहीं है ऐसे व्यक्तियों का सर्वे, एप पर नामांकन और नव भारत साक्षरता केंद्रों के विधिवत क्रियान्वयन हेतु जिले के समस्त विकासखंड पर विकासखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन एवम् मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत दलीप कुमार के मार्गदर्शन में विकासखंड स्त्रोत समन्वयक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, की उपस्थिति में किया गया। विकासखंड नरसिहपुर में उल्लास नव भारत साक्षरता प्रशिक्षण जिला परियोजना समन्वयक डॉ आर पी चतुर्वेदी, उप संचालक सह विकासखंड अधिकारी सुश्री प्राशी अग्रवाल, डा एस के पाल, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक ओ पी राय, जिला सह समन्वयक अखिलेश राजोरिया की उपस्थिति में डाइट में संपन्न हुआ। विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा असाक्षरों के विधिवत सर्वे एवं आनलाइन पंजीयन के साथ केंद्रों के सुचारू क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण के दौरान विकासखंड सह समन्वयक विजय नामदेव द्वारा उल्लास नव भारत साक्षरता अभियान की बिंदूवार जानकारी प्रोजेकटर के माध्यम से दी गई। बी आर सी ओ पी राय द्वारा असाक्षरों का सर्वे, असाक्षर सामाजिक चेतना केंद्र का विधिवत संचालन,मानिटि्रंग, आगामी माह में परीक्षा के संबंध में, अक्षर साथी से सतत संपर्क पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि साक्षरता कार्यक्रम पूर्णतः स्वयसेवा पर आधारित है। जिला सह समन्वयक श्री राजोरिया द्वारा अभियान में वरिष्ठ कार्यालय द्वारा जारी दिशा निर्देश की जानकारी देते हुए क्रियान्वयन में आने वाले कठिन बिंदुओं का सुझावत्मक निराकरण किया। प्रशिक्षण में उल्लास नव भारत साक्षरता के क्रियान्वयन हेतु सामाजिक सस्थाओं, एन एस एस, एन जी ओ की सहभागिता हेतु बी ए सी ब्रजेश नेमा द्वारा समन्वयक बैठक आयोजित करने हेतु अपने विचार रखे। उक्त अवसर पर विकासखंड नरसिहपुर के समस्त जनशिक्षा केंद्र प्रभारी,संकुल सह समन्वयक,जनशिक्षकों की उपस्थिति रही।

## कलेक्टर ने किया नालों का निरीक्षण



**नरसिंहपुर।** मंगलवार को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने नरसिंहपुर शहर के विभिन्न बरसाती नालों का निरीक्षण कर जलभराव को रोकने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने पाठक वार्ड में मिशन स्कूल के पीछे, गणेश मंदिर रोड, सिंगरी नदी पुल, शिवाजी वार्ड में रामनगर और तिलक वार्ड में सिंगरी रिपटा पुल का जायजा लिया। निरीक्षण का उद्देश्य अवरुद्ध नालों की साफ-सफाई सुनिश्चित कर बारिश के मौसम में जलभराव की स्थिति से निजात दिलाना है। कलेक्टर ने सिंगरी नदी के आसपास कैचमेंट एरिया में साफ- सफाई का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि नाले - नालियों में बरसात के समय जल भराव नहीं हो, इसके लिए समुचित साफ- सफाई पहले से की जावे। इस दौरान सीएमओ नीलम चौहान और संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने नगर पालिका के अमले को नालों को व्यवस्थित रूप में लाने, उनके सौंदर्यीकरण, पाथ वे आदि तैयार करने के लिए कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

## छपारा में हुई नये कानून के साथ दो FIR दर्ज

**हरिभूमि न्यूज छपारा।** 1 जुलाई से तीन नए आपराधिक कानून लागू हो गए हैं. कानून की यह संहिताएं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS), भारतीय न्याय संहिता (BNS) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (BSA) हैं. नए कानूनों में कुछ धाराएं हटा दी गई हैं तो कुछ नई धाराएं जोड़ी गई हैं, इस क्रम में सिवनी जिले के थाना छपारा में पहली एवम दूसरी FIR भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत दर्ज की गई है।

## बदला 164 साल पुराना कानून

**अब जन जागरण की जरूरत**

**तेंदूखेड़ा-** एक जुलाई को अंग्रेजी शासन काल से चली आ रही 164साल पुरानी कानून व्यवस्था को बदल दिया गया है।नई कानून व्यवस्था के तहत जहां विभिन्न धाराओं में बदलाव किया गया है तो सजा में भी अलग-अलग प्रावधान किए गए हैं। पीड़ति व्यक्ति को तत्काल सुविधा अनुसार न्याय मिले इसका विशेष ध्यान रखा गया है। वहीं संचार सेवाओं के माध्यम से इसको सुलभ बनाया गया है। महिलाओं छोटे बच्चों यौन उत्पीडन से लेकर सामूहिक रूप से किये जाने वाले अपराधों तथा उनकी समीक्षा के लिए प्रत्येक थाने स्तर पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने का भी प्रावधान किया गया है। चूंकि इस नई व्यवस्था को प्रत्येक वर्ग तक जानकारी की दिशा में प्रचार प्रसार और उसका भलि भांति अध्ययन जरूरी है।इस विषय को लेकर कुछ बुद्धीजीवी समाजसेवियों ने भी अपनी अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त की है।



### प्रचार प्रसार की जरूरत

क्षेत्र के प्रतिष्ठित समाजसेवी दीपक राव शेकटकर कहते हैं कि बदलाव श्रृष्टि का नियम है नई कानून व्यवस्था से लोगों को निश्चित ही सस्ता और सुलभ न्याय मिलेगा एवं धीरे धीरे चलन में भी आ जायेगा। इसके प्रचार प्रसार की जरूरत है। शासकीय संस्थाओं सार्वजनिक स्थलों पर इसकी जानकारी के साथ बड़े कालेजों हायर सेकंडरी स्कूलों के बच्चों के माध्यम से जानकारी घरों घर तक पहुंच सकती है।



### महिला एवं बच्चों को मिलेगा न्याय

नगर की प्रतिष्ठित महिला एडवोकेट श्रीमती यामिनी राय बतातीं है कि नई कानून व्यवस्था को समझना पड़ेगा फिर भी इसमें महिलाओं और बच्चों के लिए नये संशोधन किए गए हैं उनके लिए यह कानून हितकारी साबित होगा। इन संबंधित अपराधों में कमी आये को लेकर सजा में भी प्रावधान बढ़ाया गया है तथा महिलाओं से संबंधित अपराधों में अब महिला अधिकारी ही अब जांच पड़ताल करेंगी।



### यह एक अच्छी पहल

वरिष्ठ ऐडवोकेट रुपसिंह पटेल कहते हैं कि नये कानून का लागू होना एक अच्छी पहल है इसमें कुछ धारायें कम की गई है कुछ मामलों में अलग-अलग प्रावधान निर्धारित किए गए हैं।जो पीड़ति जहां पर है उसे वहीं से ही न्याय के लिए एस एम एस आनलाइन मेल के माध्यम से न्याय के लिए आवेदन कर सकता है।

## महाविद्यालय में मनाया जा रहा 3 दिवसीय दीक्षारंभ समारोह

**तेंदूखेड़ा-** म प्र शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के संपूर्ण महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं शासन की योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देने की मंशा से दीक्षारंभ समारोह मनाया जा रहा है इसी सिलसिले में शासकीय महाविद्यालय तेंदूखेड़ा में शासकीय बालक उच्चतर विद्यालय के शिक्षक श्री जगदीश साहू एवं श्री जितेंद्र पलिया की उपस्थिति में महाविद्यालय में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को प्राचार्य अपर्णा चैबे के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं चार्टर के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। साथ क्रीडा अधिकारी के द्वारा खेल से संबंधित गतिविधियों के बारे में समझाया गया उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालय में चल रही छात्रवृत्ति एवं अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से समझाया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को टी.व्ही. के माध्यम से लघु फिल्म दिखाकर काफी विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। छात्रों को महाविद्यालय का भ्रमण कराते हुए अन्य सभी गतिविधियों के बारे मंस जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन सुशीला कतिया के द्वारा एवं आभार डॉ. मनीषा वर्मा के द्वारा व्यक्त किया गया।इस मौके पर बड़ी संख्या में महाविद्यालय का स्टाफ छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

